# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

विकास पथ, गाजियाबाद।

(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)


पत्रांकः 840 /व्यव0अनु0/2026 दिनांक 11/9/26

सेवा में,

**शाखा प्रबन्धक,**
एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0
आर0डी0सी0 राजनगर, गाजियाबाद।

**विषयः प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित नीलामी दिनांक 30–09–2026 हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑफलाइन आवेदन विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) विक्रय/जमा कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक प्राधिकरण की अनिस्तारित/रिक्त सम्पत्तियों का विक्रय नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑफलाइन आवेदन आपके बैंक की शाखा द्वारा जन सामान्य/आवेदकों को दिनांक 14–09–2026 से 25–09–2026 तक पूर्व निर्धारित शुल्क पर ऑनलाइन/ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) विक्रय/जमा किये जाने है, जिसके अनुसार प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30–09–2026 को प्रस्तावित सम्पत्तियों की नीलामी लोहियानगर, गाजियाबाद स्थित हिन्दी भवन में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित की जायेगी।

अतः उपरोक्तानुसार दिनांक 30–09–2026 की नीलामी में प्रस्तावित सम्पत्तियों की संलग्न सूची के अनुसार निर्धारित तिथि 14–09–2026 से 25–09–2026 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑफलाइन आवेदन विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) विक्रय/जमा कराने के साथ–साथ नीलामी आयोजन हेतु नियत तिथि में समुचित व्यवस्था कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

**(कनिका कौशिक)**
विशेष कार्याधिकारी/
प्रभारी व्यवसायिक

पृष्ठांकनः /व्यव0अनु0/2026 दिनांकः

प्रतिलिपिः

1. उपाध्यक्ष महोदय, को सादर अवलोकनार्थ।
2. सचिव महोदय, को सूचनार्थ।
3. अपर सचिव महोदय, को सूचनार्थ।
4. कम्प्यूटर प्रभारी को इस आशय के साथ कि संलग्न सूची के अनुसार दिनांक 30–09–2026 को प्रस्तावित नीलामी से सम्बन्धित सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

विशेष कार्याधिकारी/
प्रभारी व्यवसायिक